# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल–263001(उत्तराखण्ड)

**KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL, 263001 (UTTARAKHAND), INDIA**

**Office: 05942-236856 (Extn-328), Fax:05942235213**

**Email:caoresearchku@gmail.com & sriccku@gmail.com, Website:www.kunainital.ac.in**

**Research and Development Cell**

पत्रांक: KU/RDC/CPET/2024/355 दिनांक:13.02.2025

**उत्तराखंड राज्य पीएच.डी.सम्मिलित प्रवेश परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों तथा उक्त परीक्षा से छूट प्राप्त अभ्यर्थियों हेतु कुमाऊँ विश्वविद्यालय के परिसरों एवं सम्बंधित महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु तृतीय काउंसलिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग किये जाने के संबंध में विस्तृत सूचना**

उत्तराखंड राज्य पी.एच.डी.सम्मिलित प्रवेश परीक्षा 2024 (CPET-2024) में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों तथा उक्त परीक्षा से छूट प्राप्त अभ्यर्थियों हेतु कुमाऊँ विश्वविद्यालय के परिसरों एवं सम्बंधित महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु द्वितीय काउंसलिंग के पश्चात रिक्त सीटों पर प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जानी है ।तृतीय काउंसलिंग हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की वरीयता सूची (MERIT LIST) तथा प्रतीक्षा सूची (WAITING LIST) समर्थ पोर्टल एवं कुमाऊँ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जा रही है ।

सभी अर्ह अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उक्त काउंसलिंग में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे-

**वरीयता सूची के अभ्यर्थियों हेतु**

**काउंसलिंग हेतु स्थान: डी.एस.बी.परिसर, नैनीताल**

**काउंसलिंग तिथि: 17.02.2025**

**रिपोर्टिंग समय: 11.00 बजे तक**

**काउंसलिंग का समय: 11.00 बजे से 12.30 बजे तक**

**प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों हेतु**

**रिपोर्टिंग हेतु स्थान: डी.एस.बी.परिसर नैनीताल**

**रिपोर्टिंग समय: 11.00 बजे से 012.30 बजे तक**

**(तय समय के भीतर रिपोर्ट नहीं करने पर अभ्यर्थन स्वतः निरस्त माना जायेगा ।)**

**काउंसलिंग का समय: 02.00 बजे (तृतीय काउंसलिंग के पश्चात रिक्त के सीटों सापेक्ष)**

**काउंसलिंग शुल्क: रु.1,600.00 रुपये**

**अन्य निर्देश:**

1. उक्त काउंसलिंग प्रक्रिया में केवल वे ही अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकेंगे जिनका नाम वरीयता सूची में वर्णित है ।
2. सभी अभ्यर्थियों को उपरोक्त विवरणानुसार इस हेतु प्रॉ. एन.जी. साहू के कक्ष, रसायन विज्ञान विभाग, डी.एस.बी परिसर में बनाये गये पटल पर रिपोर्ट करना होगा जहां उनकी उपस्थिति दर्ज की जायेगी ।
3. तृतीय वरीयता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग विषय संयोजक द्वारा **11.00 बजे से 12.30 बजे तक** की जायेगी।
4. तृतीय काउंसलिंग की समय समाप्ति के पश्चात तृतीय वरीयता सूची में सम्मिलित किसी भी अभ्यर्थी को काउंसलिंग हेतु अर्ह नहीं माना जायेगा ।
5. **इस काउंसलिंग के पश्चात रिक्त सीटों को उसी दिन प्रतीक्षा सूची में से उपस्थित अभ्यर्थियों द्वारा वरीयता क्रम में भरा जायेगा ।** इन अभ्यर्थियों की काउंसलिंग विषय संयोजक द्वारा **02.00 बजे** की जायेगी ।
6. तृतीय वरीयता सूची तथा प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त किसी भी अन्य अभ्यर्थी को इस काउंसलिंग हेतु पात्र नहीं माना जायेगा ।
7. **पिछली काउंसलिंग की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुये तृतीय काउंसलिंग हेतु एक वृहद प्रतीक्षा सूची बनाई गयी है परंतु प्रतीक्षा सूची में नाम आना काउंसलिंग में प्रतिभाग को सुनिश्चित नहीं करता है । तृतीय काउंसलिंग के बाद केवल संबंधित आरक्षित श्रेणी में रिक्त सीटों पर ही प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित अभ्यर्थी वरीयतानुसार प्रतिभाग कर सकते हैं। इस संबंध में किसी भी तरह का प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा ।**

8. उक्त काउंसलिंग में प्रतिभाग करने हेतु तृतीय वरीयता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को निर्धारित काउंसलिंग शुल्क रु.1,600.00 (एक हजार छः सौ रुपये मात्र) काउंसलिंग तिथि पर काउंसलिंग स्थान पर बने शुल्क काउंटर पर काउंसलिंग से पूर्व जमा किया जाना अनिवार्य होगा । जबकि प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित अभ्यर्थी उक्त काउंसलिंग शुल्क तृतीय काउंसलिंग के पश्चात रिक्त सीटों के सापेक्ष नाम आने पर ही जमा करेंगे ।
9. काउंसलिंग हेतु सभी अभ्यर्थियों को इंटरव्यू कॉल लैटर(इंटरव्यू के समय जारी) लाना अनिवार्य होगा ।
10. समस्त अभ्यर्थियों को निम्नांकित प्रमाणपत्रों की मूल प्रति के साथ स्वप्रमाणित छायाप्रति काउंसलिंग के समय प्रस्तुत करनी होगी-

क. समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र |

ख. आरक्षित श्रेणी से संबंधित उत्तराखंड शासन द्वारा निर्गत वैध प्रमाणपत्र ।(आरक्षित श्रेणी का लाभ प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों हेतु अनिवार्य)|

ग. उत्तराखंड राज्य पी.एच.डी.सम्मिलित प्रवेश परीक्षा-2024 में छूट प्राप्त अभ्यर्थियों के लिये छूट से संबंधित मूलपत्र यथा जे.आर.एफ़./जी.पैट/गेट/एम.फिल./इन्स्पायर/आदि अनिवार्य होगा ।

**नोटः काउंसलिंग के समय यदि अभ्यर्थी के मूल प्रमाणपत्रों की जाँच में कोई भिन्नता पायी जाती है तो अभ्यर्थी का परीक्षाफ़ल स्वतः निरस्त माना जायेगा ।**

**निदेशक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ**

---

पत्रांक: KU/RDC/CPET/2024/355 दिनांक:13.02.2025

**प्रतिलिपिः** निम्नांकित समाचार पत्रों के संपादकों को इस आशय से प्रेषित के उक्त सूचना को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखंड संस्करण में व्यापक छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक: 14 फ़रवरी 2025 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें-

- दैनिक जागरण, नैनीताल ।
- दैनिक आज, नैनीताल ।
- उत्तर उजाला, नैनीताल ।
- अमर उजाला, नैनीताल ।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल ।
- शाह टाइम्स,नैनीताल ।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल ।
- उत्तरांचल दीप, नैनीताल ।
- न्यूज प्रिंट, नैनीताल ।

**प्रतिलिपि-** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. प्रभारी ई. आर. पी. को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त के दृष्टिगत वेबसाइट सम्बंधित आवश्यक कार्यवाही यथासमय सुनिश्चित करने का कष्ट करें |
2. निजी सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ ।
3. नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल |
4. संयोजक , CPET -2024, एस.एस.जे. विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा |
5. संयोजक , CPET -2024, श्री देव सुमन विश्वविद्यालय, ऋषिकेश |
6. संयोजक , CPET -2024, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय,हल्द्वानी |

निदेशक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ